<u>समाचार</u>

आयुक्त ने किया बालको जोन के विभिन्न वार्डो का दौरा

(पूर्ण, प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास कार्य स्थलों का किया निरीक्षण, विभिन्न स्थानों पर मरम्मत सुधार व निर्माण कार्य कराने के दिए निर्देश)

(लालघाट एस.एल.आर.एम.सेंटर सहित वार्डो के साफ–सफाई कार्यो का लिया जायजा, कसावट लाने के दिए निर्देश)

कोरबा 06 दिसम्बर 2024 – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज निगम के बालको जोन के अंतर्गत विभिन्न वार्डो का दौरा कर वहॉ पर पूर्ण किए गए, प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास कार्य एवं निर्माण कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने विभिन्न स्थानों पर मरम्मत, सुधार व निर्माण कार्य की आवश्यकता को देखते हुए तत्संबंध में त्वरित रूप से आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया तथा स्वच्छता कार्यो में और अधिक कसावट लाने के निर्देश भी दिए।

अपनी चिर–परिचित कार्यशैली के अनुरूप आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज अपर आयुक्त श्री विनय मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों के साथ प्रातः 08 बजे से बालको जोन के विभिन्न वार्डो व बस्तियों, जोन कार्यालयों व एस.एल.आर.एम.सेंटर सहित विभिन्न स्थानों का अधिकारियों के साथ दौरा किया, वार्ड व बस्तियों में पैदल भ्रमण करते हुए वहॉ पर पूर्ण किए गए प्रगतिरत व प्रस्तावित विकास कार्य स्थलों का निरीक्षण किया, चेकपोस्ट स्थित सामुदायिक भवन में पार्षद मद से पेवर ब्लाक लगाए जाने का कार्य किए जाने के साथ ही वहॉ पर सौदंर्यीकरण का कार्य कराया जा रहा है, साथ ही सार्वजनिक मंच का निर्माण भी हो रहा है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त विकास

कार्यो का निरीक्षण किया, कार्य की गुणवत्ता को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। चेकपोस्ट से लालघाट की ओर जाने वाली सड़क के किनारे सागौन वृक्षों के बीच ओपनजिम स्थापित है, उस स्थल को छोटे उद्यान के रूप में विकसित करने, आवश्यकतानुसार बाउण्ड्रीवाल निर्माण कराने, पूर्व निर्मित बाउण्ड्रीवाल में थीम आधारित पेंटिंग का कार्य कराने तथा उक्त स्थल सागौन वाटिका का स्वरूप देने के निर्देश अभियंताओं को दिए। इसी प्रकार वार्ड क्र. 35 रिसदा में कलवर्ट नाली सी.सी. रोड का निर्माण कराया गया है, वहीं रिसदा में ही सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य भी पूर्णता की ओर है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन कार्यो का निरीक्षण किया, गुणवत्ता को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। मिनीमाता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालकोनगर के समीप चौक पर स्थित मिनीमाता मूर्ति स्थल पर सौदंर्यीकरण व मरम्मत का कार्य निगम द्वारा कराया गया है, आयुक्त श्री पाण्डेय ने उक्त कराए गए कार्य का निरीक्षण किया, गुणवत्ता को देखा तथा वहॉ की साफ–सफाई कराए जाने के निर्देश दिए।

<u>एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण</u> – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको जोनांतर्गत लालघाट में संचालित किए जा रहे एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण किया, वहॉ की व्यवस्थाओं को देखा तथा व्यवस्थाओं को चुस्त–दुरूस्त करने, सेंटर को साफ–सुथरा रखने, सेंटर में लाए गए अपशिष्ट का समुचित प्रबंधन करने, गीले कचरे से निर्मित खाद का विक्रय करने आदि के निर्देश सेंटर सुपरवाईजर एवं अधिकारियों दिए। उन्होने सेंटर में संचालित गतिविधियों का अवलोकन किया, सेंटर सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियों से चर्चा कर डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण की जानकारी ली।

<u>बालको जोन कार्यालय व मंगल भवन का अवलोकन</u> – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय निगम के बालको जोन कार्यालय पहुंचे, उन्होने जोन कार्यालय के विभिन्न कक्षों व परिसर का निरीक्षण कर वहॉ की व्यवस्था का जायजा लिया, जोन कार्यालय की साफ–सफाई को देखा तथा आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए। जोन कार्यालय के समीप स्थित मंगल भवन का निरीक्षण भी आयुक्त श्री पाण्डेय ने किया तथा मंगल भवन के संचालन, संधारण एवं वहॉ की व्यवस्थाओं के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।

<u>बस्तियों में सफाई कार्यो का जायजा लिया</u> – आयुक्त श्री पाण्डेय ने चेकपोस्ट, रिसदा, लालघाट, भदरापारा, परसाभांठा, बेलगरी बस्ती सहित अन्य बस्तियों के साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने नालियों की नियमित सफाई, सफाई के पश्चात एकत्रित अपशिष्ट का तुरंत उठाव एवं परिवहन किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने अधिकारियों से कहा कि साफ–सफाई कार्यो पर विशेष ध्यान दें तथा डोर–टू–डोर अपशिष्ट संग्रहण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाए, लोगों को लगातार समझाईश दें कि वे सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालें, स्वच्छता दीदियों के वाहन में ही कचरे को दें तथा निगम की सफाई व्यवस्था में अपनी सहभागिता प्रदान करें।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर एन.के.नाथ, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, सहायक अभियंता मोतीलाल बरेठ राहुल मिश्रा आकाश अग्रवाल, अंजूलता तिग्गा, स्वच्छता निरीक्षक सतानंद द्विवेदी आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।